भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 880**

07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुर्वेदिक एम्स संस्थान**

880. श्री सुनील कुमार:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का एम्स की तर्ज पर आयुर्वेदिक एम्स संस्थान स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक स्थापित किए गए आयुर्वेदिक एम्स संस्थानों का ब्यौरा क्या है और उन राज्यों के नाम क्या हैं जहां उक्त एम्स स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या सरकार का बिहार के वाल्मीकि नगर लोक सभा संसदीय क्षेत्र, जोकि नेपाल की सीमा पर स्थित है और आयुर्वेदिक दवाओं के लिए भी उपयुक्त स्थान है, में आयुर्वेदिक एम्स संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): आयुष मंत्रालय में एम्स की तर्ज पर आयुर्वेदिक एम्स स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) से (घ): प्रश्न नहीं उठता। हालाँकि, नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) की स्थापना की गई है और गोवा में इसका सैटेलाइट केंद्र स्थापित किया गया है।

****